**खबर संक्षेप**

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**कटनी।** सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। हादसा कुठला क्षेत्र अंतर्गत लमतरा के पास हुआ। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कन्हवारा निवासी अनु पिता विष्णु लोधी 25 वर्ष अपने दोपहिया वाहन से अपने मिश्रा सोमनाथ लोधी को कटनी रेलवे स्टेशन छोड़ने गया था। इस दौरान बाइक पर राज यादव भी सवार था। स्टेशन में सोमनाथ को छोड़ने के बाद दोनों वापस लौट रहे थे। इसी दौरान लमतरा के समीप अज्ञात वाहन ने दोनों को ठोकर मार दी। हादसे में अनु लोधी की मौके पर ही मौत हो गई तो वहीं राज घायल है। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

### जुआरियों को दबोचा



**कटनी।** अलग अलग स्थानों में जुआ खेल रहे जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार माधवनगर पुलिस ने चौधरी मोहल्ला झिंझरी में दबिश देकर जुआरियों को पकड़ा है। पकड़े गए जुआरियों में हीरालाल चौधरी, दालचंद चौधरी निवासी झिंझरी, कृपाली चौधरी निवासी पिपरौंध, मुन्ना चौधरी निवासी झिंझरी, अल्लू उर्फ झल्लू चौधरी आदि शामिल हैं। इसी प्रकार विजयराघवगढ़ पुलिस ने ग्राम देवराकला में दबिश देकर भस्सू कोल, हजारी लाल चक्रवर्ती, सनत शुक्ला तीनों निवासी देवराकला को जुआ खेलते पकड़ा है।

### लेबर कोर्ट के फैसले को लेकर स्कूल पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी

**कटनी।** दिगम्बर जैन स्कूल के एक कर्मचारी को जीपीएफ फंड एवं वेतन दिए जाने के मामले में लेबर कोर्ट के एक फैसले को लेकर बुधवार दोपहर तहसीलदार बी के मिश्रा राजस्व अमले के साथ राशि की वसूली के लिए स्कूल पहुंचे। तहसीलदार ने यहां पहुंचकर दिगम्बर जैन शिक्षा संस्था को संबंधित कर्मचारी की राशि का भुगतान करने के लिए कहा। जो कि करीब दो लाख 7 हजार रुपये है। संस्था के अध्यक्ष आशीष जैन ने बताया कि लेबर कोर्ट के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है, जहां प्रकरण लंबित है। इसके बावजूद संस्था कर्मचारी को राशि का भुगतान करने के लिए तैयार है लेकिन संस्था के बैंक खाते को होल्ड किया गया है। एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने बताया कि लेबर कोर्ट के आदेश का पालन कराने के लिए तहसीलदार को भेजा गया था। लेकिन समय अधिक हो जाने के कारण कार्रवाई नहीं कि जा सकी है। इसके अलावा संस्था को राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया है। यदि संस्था भुगतान नहीं करती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झारापानी में हुआ अग्नि हादसा, ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से बुझाई

## तीन एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल आग में जलकर हुई खाक

गर्मियों का मौसम आते ही अग्नि हादसे बढ़ने लगते हैं। कभी गृहस्थी तबाह हो जाती है तो कभी खेतों में फसल आग की भेंट चढ़ जाती है। ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के ग्राम झारा पानी में बुधवार को शार्ट सर्किट से गिरी चिंगारी शोला बन गई। खेत में खड़ी गेहूं की फसल को जला कर खाक करने लगी। आग की लपटें उठती देख गांव में खलबली मच गई। लोग खेतों की ओर दौड़े। आग भयावह रूप लेती जा रही थी जिसे देखकर अफरा तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने आग को बुझाने के लिए अपने स्तर पर प्रयास शुरू किया लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक दो किसानों की करीब 3 एकड़ में लगी गेहूं की फसल को आग ने जलाकर स्वाहा कर दिया। फसल को जलता देख किसानों के अरमान भी खाक हो गए।





हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

जानकारी के अनुसार झारापानी गांव में गुरुवार दोपहर करीब ढाई बजे खेतों में आग लगी। आग लगने से किसान बसंत कुमार यादव और सुंदर लाल यादव दोंनो भाइयों की करीब तीन एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई है। किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग बुझाने के लिए लोग दौड़े। कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू में किया। फायर ब्रिगेड को आगजनी की सूचना दी गई, लेकिन फायर ब्रिगेड वाहन मौके पर नहीं पहुँचा। आग को दूसरे खेतों में पहुंचने से रोकने के लिए खेतों में ट्रेक्टर से जुताई की गई लेकिन आग की लपटें इतनी विकराल थी कि ट्रैक्टर भी आग की चपेट में आने से बाल बाल बचा। हालांकि वाहन के कुछ पाट्र्स क्षतिग्रस्त हो गए।

### नुकसान की मंगाई रिपोर्ट

ढीमरखेड़ा तहसीलदार आशीष अग्रवाल ने बताया कि आगजनी की सूचना मिली थी। संबंधित पटवारी से आगजनी में हुए नुकसान की रिपोर्ट मंगाई है, ताकि पीड़ित किसानों को राहत राशि दिलाई जा सके।

### दमकल वाहन की नहीं है सुविधा

ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में करीब 73 पंचायतें हैं जिनमें करीब दो सैकड़ा से अधिक गांव हैं। कई सालों से ग्रामीण प्रशासन एवं जन प्रतिनिधियों से दमकल वाहन उपलब्ध कराने की मांग करते आ रहे हैं लेकिन किसी के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल आगजनी की घटनाओं से किसानों की खून पसीने से उगाई फसल जलकर खाक हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि क्षेत्र में दमकल वाहन की सुविधा हो तो नुकसान को कम किया जा सकता है।

### बिजली कटौती से भी परेशानी

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या से भी किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि बिजली कटौती के चलते खेतो में लगे पंप भी नहीं चला पाते जिससे आगजनी की घटनाओं में फसल को होने वाली क्षति से बचाया जा सके।

ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पोड़ी कला बी का मामला, वृद्ध पिता परेशान

## एक बेटे ने मकान पर कर लिया कब्जा तो दूसरा हड़प रहा जमीन, न्याय मांगने भटक रहा पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

एक वृद्ध पिता न्याय मांगने के लिए दर दर भटक रहा है लेकिन उसे राहत नहीं मिल पा रही है। दरअसल पिता ने अपने पुत्रों में मैखिक रूप से संपत्ति का बंटवारा कर दिया। लेकिन बेटों को यह रास नहीं आ रहा है। बड़ा बेटा मकान पर कब्जा जमा लिया तो छोटा बेटा जमीन हड़प रहा है। मामला ढीमरखेड़ा तहसील के पोंडी कला बी का हैं।

अब वृद्ध पिता अपने बेटों से ही परेशान है। मारपीट करने और घर से भगाने की शिकायत भी ढीमरखेड़ा थाना में दी लेकिन वहां से राहत नहीं मिली। अब बेटों से अपनी ही संपत्ति पाने वृद्ध पिता दर दर भटक रहा है।

पीड़ित वृद्ध महेश प्रसाद साहू



(80) ने अपनी शिकायत पर बताया कि पोंडी कला बी प. ह. न.38 में खसरा नं.877 रकवा 0.20 हेक्टे.भूमि और खिरवा पोंडी में खसरा नं.227 रकवा 0.94 हेक्टे. भूमि राजस्व अभिलेख में उसके नाम पर दर्ज है। पिता ने बीते वर्ष 6 माह के लिए सिकमी में जमीन छोटे बेटे राजकुमार साहू को 45 हजार रुपये में दिया। 6 महीने बाद पिता रुपये लेने बेटे के पास पहुँचा तो बेटे ने रुपये नहीं दिया। मारपीट कर घर से भगा दिया। खुद की जमीन पर कब्जा पाने गया तो बेटे ने कब्जा नहीं दिया, जान से मारने की धमकी दिया, बोला कि जमीन मेरी है, मैं ही खेती करूँगा। महेश प्रसाद साहू ने बताया कि पोंडी कला बी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान का निर्माण कराया। जिसमें दो कमरे हैं। एक कमरे में वह स्वयं रहता है जबकि दूसरे कमरे में बड़ा बेटा रामकुमार साहू सामान रखकर कब्जा किया है जिससे कि वृद्धावस्था में माता पिता परेशान है।

ढीमरखेड़ा एसडीएम दफ्तर में शिकायत लेकर पहुँचे वृद्ध महेश प्रसाद साहू का आरोप है कि वह एसडीएम के पास शिकायत लेकर पहुँचा,लेकिन एसडीएम ने उसकी शिकायत ही नहीं सुना और उसे चलता कर दिया। वृद्ध पिता ने वैधानिक बंटवारे के लिए न्यायालय में आवेदन किया लेकिन बेटों ने आपत्ति दर्ज करा दी। अब मकान और जमीन को हड़पना चाहता है।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम ढीमरखेड़ा विन्की सिंहमारे का कहना है कि वृद्ध नियमानुसार कार्रवाई के लिए तैयार नहीं है। उसने तो वकील भी लगाया है। वृद्ध को सीमांकन करवाकर पुत्र को बेदखल करने के लिए बोला गया, लेकिन वृद्ध इसके लिए तैयार नहीं हो रहा है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण



ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में महिला बाल विकास विभाग के द्वारा पोषण भी पढ़ाई कार्यक्रम को लेकर 100 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तीन दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से मास्टर ट्रेनर अनुराधा चौबे और मीना तिवारी के द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा था। बुधवार दोपहर प्रशिक्षण का आयोजन माध्यमिक शाला ढीमरखेड़ा में किया गया। परियोजना अधिकारी आरती यादव ने कार्यकर्ताओं को बताया कि प्रशिक्षण में जो गतिविधियां सीखने को मिली है उन्हें केंद्रो में विधिवत संचालित करना है स्वास्थ्य विभाग से एएनएम प्रतीक्षा त्रिपाठी के द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बच्चों और महिलाओं को लेकर सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी एएनएम ने बताया कि 5 साल 7 बार छूटे न टीका एक भी बार के नारे आंगनबाड़ी केंद्रों में लिखवाए और और नारे का उद्देश्य भी पूरा करें स्वच्छता पोषण आहार को लेकर भी विस्तृत जानकारी दी प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कागज के खिलौने भी बनाए।

## तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर कामायनी नाटक की दी गई प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नाट्य मंचन का आयोजन किया गया जिसमें सुप्रसिद्ध नाटक 'उत्तरकामायनी' की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। विंग्स थिएटर द्वारा प्रस्तुत इस नाटक को लेखक दिलीप बैरागी ने लिखा है, और इसे अभिनेता एवं निर्देशक राहुल बहरोलिया ने अपने गहरे अभिनय से जीवंत कर दिया। यह नाटक मानवीय संघर्ष, अस्तित्व और सामाजिक परिस्थितियों की गहरी पड़ताल करता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्राचार्य सुनील कुमार वाजपेई, ने हिंदी विभाग के इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा, "रंगमंच केवल अभिव्यक्ति का साधन नहीं, बल्कि समाज के बदलाव का भी माध्यम है। 'उत्तरकामायनी' का यह मंचन छात्रों के लिए न केवल सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि यह उनके बौद्धिक विकास में भी सहायक होगा। राहुल बहरोलिया का अभिनय अत्यंत प्रभावशाली था।" इस नाट्य प्रस्तुति को देखने के उपरांत पूर्व प्राचार्य एवं विज्ञान संकाय प्रमुख डॉ. सुधीर कुमार खरे ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा, "हिंदी विभाग द्वारा आयोजित यह मंचन एक अनूठी पहल है। इस प्रकार के नाट्य मंचन साहित्य, समाज और रंगमंच के संबंध को मजबूत करने के साथ-साथ विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति एवं अभिव्यक्ति क्षमता को विकसित करते हैं। यह सोलो नाट्य प्रस्तुति समाज में अकेलेपन की त्रासदी और मानवीयता के आसन्न खतरे को लेकर है जो समसामयिक चिंताओं से जुड़ी हुई है।"

### बेहतरीन रहा अभिनय

हिंदी विभागाध्यक्ष माधुरी गर्ग, जिन्होंने इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की, ने कहा, "यह नाटक केवल एक प्रस्तुति नहीं, बल्कि जीवन की जटिलताओं की गहरी व्याख्या है। राहुल बहरोलिया ने अपने अभिनय से इसे अविस्मरणीय बना दिया। छात्रों को रंगमंच के माध्यम से समाज को देखने और समझने का नया दृष्टिकोण प्राप्त हुआ।

## स्टार्टअप पॉलिसी व स्वरोजगार योजनाओं की दें जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

युवा संगम कार्यक्रम के अतंर्गत गुरूवार को कलेक्टर दिलीप यादव की मौजूदगी में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेन्टिसशिप मेला संपन्न हुआ। इस मेले में विभिन्न सेक्टरों मे काम करने वाली 15 नामचीन कंपनियों की रिक्तियों की भर्ती के लिए स्टॉल लगे थे। इन कंपनियों के लिए 484 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया। जिसमें से 121 युवाओं का विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के माध्यम से रोजगार के लिए प्राथमिक चयन कर लिया गया है। चयनित युवाओं को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा ऑफर लेटर प्रदान किये गए।



रोजगार मेले के दौरान प्रतिभा सिन्टेक्स पीथमपुर, मोहनी हेल्थ हाइजीन, एलआईसी कटनी, मर्दरसन आटो मोबाइल, मार्डन बुलन भीवाडा, रिलायंस निप्पॉन लाइफ, वर्धमान टेक्सटाईल मंडीदीप, एयरटेल पेमेन्ट बैंक, प्राइमर फैक्टरी, अल्फा सिक्योरिटी, सिटी मॉल, एल एंड टी, एडवांस एन्जाइम्स, शक्ति पंप इडिया लिमिटेड और अदाणी समूह आदि कंपनियों में रिक्तियों के लिए युवाओं ने अपना भाग्य आजमाया। रोजगार मेले के दौरान कलेक्टर ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत विभिन्न रोजगार स्थापित करने के लिए 6 स्वरोजगारियों को 28.85 लाख रूपये के स्वीकृति पत्र प्रदान किये। जिला स्तरीय रोजगार मेले मे पहुंचे युवाओं को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने जिले के युवाओं का उत्साह बढाते हुए कहा कि वे यहां आई कंपनियों के साथ - साथ रोजगार हासिल करनें के लिए ऑनलाइन भी पंजीयन कराएं और अपनी शैक्षणिक योग्यता और कौशल विकास के लिए ऑनलाइन कोर्स करते रहें। इससे कौशल विकास होनें के साथ ही अनुभव भी प्राप्त होगा और प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अच्छे अवसर मिलेगें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में हर माह युवाओं के लिए रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्टार्टअप पॉलिसी और विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी युवाओं को अवश्य दें। इस मौके पर जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत नें अपने संबोधन में कहा कि यहां आई कंपनियों में मिले रोजगार को स्वर्णिम अवसर मानते हुए अवश्य नौकरी ज्वाईन करें। जिससे भविष्य में और बेहतर रोजगार की संभावनाए बढेंगी। इस दौरान जिला रोजगार अधिकारी डी.के.पासी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के जिला प्रबंधक दिनेश कुमार मर्सकोले आदि की उपस्थिति रही।

भैसवाही में जनसुनवाई सह लोक संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## जनता के बीच पहुंच कलेक्टर ने लगाई चौपाल, ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय सत्यापन एवं ग्राम वासियों की शिकायत के निस्तारण हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा प्रारंभ की गई अभिनव पहल के तहत गुरुवार को कलेक्टर श्री यादव ने ग्राम पंचायत भैसवाही में आयोजित जनसंवाद सह लोक सुनवाई कार्यक्रम में चौपाल लगाकर एक-एक ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और जिला अधिकारियों को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। इस दौरान ग्रामीणों से 109 शिकायतों और समस्याओं के आवेदन प्राप्त हुए।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी रही।

लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान भैंसवाही निवासी बट्टी लाल साहू ने अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत न होने की जानकारी देते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ दिलाने का आग्रह किया। वही कुसुम बाई ने लाड़ली बहना योजना में नाम शामिल करवाने का आवेदन दिया। इन दोनों मामलों में कलेक्टर श्री यादव ने जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह को आवेदकों की पात्रता का परीक्षण करते हुए समय सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### विद्युत लाइन हटाएं

भैंसवाही सरपंच मल्लू और राम कृपाल साहू एवं आनंद साहू ने आवेदन देकर ग्राम घुनसुर पहुंच मार्ग में रास्ते पर और घरों के ऊपर



से जा रही हाई वोल्टेज 11 हजार के व्ही विद्युत लाइन की हटाने का आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने बिजली विभाग के अधीक्षण यंत्री को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

भैंसवाही वार्ड नंबर 2 निवासी सुनील साहू और इत्तू भतरा ने गरीबी रेखा सूची में नाम जुड़वाने और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ नहीं प्राप्त होने का आवेदन दिया। जिसपर कलेक्टर ने एस डी एम और विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत के सीईओ को इन मामलों का परीक्षण करने के निर्देश दिए। जनसंवाद सह लोक सुनवाई कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत भैसवाही के सचिव मल्लू द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैसवाही में अध्ययनरत विद्यार्थियों की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु 20x30 का रंगमंच निर्माण कराए जाने संबंधी आवेदन पर सुनवाई उपरांत कलेक्टर श्री यादव ने जिला पंचायत सीईओ को डी एम एफ मद से प्रावधानों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### लगे विभागीय स्टॉल

भैसवाही में आयोजित लोकसुनवाई, जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान पंजीयन काउंटर के अलावा विद्युत विभाग, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, जल संसाधन विभाग, सामाजिक न्याय एवं निशक्त विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जनजातीय कार्य विभाग , सूक्ष्म लघु एवं उद्यम विभाग, ग्रह विभाग, शिक्षा विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों के काउंटर लगाए गए थे।

लोक संवाद कार्यक्रम के दौरान एसडीएम महेश मंडलोई, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, जिला खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शारदा सिंह, और लोक सेवा जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, ई गवर्नेंस जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव आदि उपस्थित रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विशेष सत्र प्रकरण एससी में विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट जिला कटनी ने दुष्कर्म के आरोपी सौरभ पटेल को धारा 5 (एल) सहपठित धारा 6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 2 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इस प्रकरण में पैरवी आशुतोष द्विवेदी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी विशेष लोक अभियोजक जिला कटनी ने की। मामले में मीडिया सेल प्रभारी सुरेंद्र कुमार गर्ग ने बताया गया कि पीड़ित की आयु लगभग 17 वर्ष 02 माह की थी। आरोपी सौरभ से उसकी मुलाकात मौसी की शादी में हुई थी। इसके बाद दोनों एक-दूसरे से फोन पर बात करते थे और पसंद करते थे। - पीड़ित ने अपनी मां से आरोपी से - शादी करने के लिए कहा तो पीड़ित की मां ने मना कर दिया। 10 अक्टूबर 2023 को पीड़ित स्कूल जाने को कहकर घर से निकली थी और जबलपुर चली गई थी। वहां पर पीड़ित को आरोपी सौरभ मिला, फिर पीड़ित और सौरभ जबलपुर में किराये के मकान में रहने लगे। उस दौरान पीड़ित और आरोपी सौरभ ने तीन से चार बार दुष्कर्म किया। इधर, पीड़ित के चले जाने पर पीड़ित की मां ने थाना कुठला में घटना की रिपोर्ट करवाई। पुलिस ने पीड़ित को दस्तयाब कर पीड़ित से पूछताछ के बाद आरोपी के विरूद्ध अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। यहां न्यायालय के समक्ष अभियोजन के - प्रस्तुत तर्क से सहमत होकर व साक्ष्यों से आरोपी के विरुद्ध अपराध को प्रमाणित होना - पाया है। आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 2000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

## खबर संक्षेप



### बागरी समाज ने प्रदीप अहिरवार का फूंका पुतला

**सिलौंडी।** सिलौंडी में बागरी समाज ने प्रदीप अहिरवार का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन करते हुए नायब तहसीलदार दिनेश आसाठी को ज्ञापन सौंपकर कड़ी करवाई की मांग की है । 25 मार्च को प्रदीप अहिरवार प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग ने मंत्री प्रतिमा सिंह बागरी के बारे में अपशब्द कहते हुए बागरी समाज के बारे में भी अपशब्दों का उपयोग किया था जिसके विरोध में बागरी समाज के सरपंच अनिल सिंह बागरी,मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी ,राजेंद्र सिंह बागरी राजेंद्र सिंह बागरी अध्यक्ष बागरी कल्याण समिति, गोविंद सिंह बागरी उपाध्यक्ष बागरी कल्याण समिति ने पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कपिल बागरी, हेमंत बागरी, अनूप बागरी पीयूष बागरी, रजनीश बागरी, शिवांशु बागरी, अंकित बागरी, रूद्र बागरी, विकाश बागरी सहित पुलिस स्टाफ की उपस्थिति रही है ।

### पर्वों में व्यवस्थाओं हेतु जारी किया आदेश

**कटनी।** नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने आगामी,गुड़ी पड़वा नवरात्रि,चेटीचंड एवं ईद-उल-फितर पर्वों की व्यवस्थाओं हेतु आदेश जारी करते हुए अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे है। इसके संबंध में आयुक्त ने गुरुवार को आयोजित बैठक में समस्त विभाग प्रमुखों को जारी आदेशानुसार समय सीमा के पूर्व ही परिक्रमा/ जुलूस/ जवारे मार्गों,जालपा देवी मंदिर सहित समस्त देवी मंदिरों के आस-पास में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था,दोनों पालियों में विशेष साफ-सफाई,चूने की लाइन, पेयजल कीटनाशक दवाई का छिड़काव,आदि की व्यवस्था समय पर किए जाने के निर्देश दिए है।साथ ही इसी प्रकार ईद-उल-फितर हेतु समस्त ईदगाहों,पहुँच मार्गों,मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों, कब्रिस्तान के आस-पास भी प्रकाश,साफ-सफाई,पानी के टैंकर पेयजल,फायर वाहन इत्यादि की व्यवस्था समय से किये जाने के निर्देश दिए हैं।

### त्यौहारों में मांसाहार क्रय विक्रय किया प्रतिबंधित

**कटनी।** शासन के निर्देशानुसार 30 मार्च को चेटीचंड, गुड़ी पड़वा, 06 अप्रैल को रामनवमी एवं 10 अप्रैल को महावीर जयंती पर्व के अवसर पर समस्त मांसाहारी पदार्थ मुर्गी,मछली आदि के क्रय विक्रय पर प्रतिबंध रहेगा। निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशों के परिपालन में प्र.स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा उक्त दिवस मांसाहार प्रतिबंध किए जाने हेतु आदेश जारी किया है।अतः नागरिकों एवं समस्त दुकानदारों को सूचित किया जाता है की दिनांक 30 मार्च,6 अप्रैल एवं 10 अप्रैल 2025 को मांसाहारी पदार्थ का क्रय विक्रय बंद रहेगा,साथ ही उक्त आदेश का उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

### शारदा मॉडल स्कूल के छात्रों का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**बड़वारा।** शिक्षा के क्षेत्र में बड़वारा नगर एवम समूचे क्षेत्र में सफलता के बहु आयाम स्थापित करने वाले शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बड़वारा में अध्ययनरत छात्र छात्राएं परिश्रम से सफलता प्राप्त कर रहे हैं। शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बड़वारा के प्राचार्य सतीश द्विवेदी ने बताया कि स्कूल में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत छात्र व छात्राओं ने विगत फरवरी माह में आयोजित पीएमश्री नवोदय विद्यालय की कक्षा पाचवीं की परीक्षा में बड़वारा शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा पाचवीं में अध्ययन रत छात्र शुभदीप दाहिया, शिक्षा महोबिया, रिया दुबे तीनो ने वर्ष 2024-2025 में आयोजित पीएमश्री नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में उच्च अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण कर अपना, अपने विद्यालय, अपने पालकों, अपने गुरुजनों,अपने इष्ट मित्रों का मान बढ़ाया है। छात्र छात्राओं की शानदार सफलता पर स्कूल के प्राचार्य सतीश द्विवेदी सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी है।

---

कृषि में नये वैज्ञानिक तरीके अपनाकर बढ़ायें लाभ, किसानों से नरवाई नहीं जलानें की अपील

# निरंतर गिरते जल स्तर से निबटने कम पानी की खपत वाली सिंचाई पद्धति को अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कहा है कि किसान जागरूक होकर कृषि वैज्ञानिकों के सलाह के अनुसार समन्वित खेती एवं खेती में कृषि यंत्रीकरण और नैनो टेक्नोलाजी का उपयोग कर वैज्ञानिक पद्धति से खेती कर अधिक लाभ अर्जित कर सकते है। कलेक्टर श्री यादव ने यह बात गुरूवार को कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध के प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला में पहुंचे किसानों को संबोधित करते हुए कही।



कलेक्टर श्री यादव ने अपने संबोधन मे नरवाई जलानें से होने वाले पर्यावरणीय दुष्परिणाम और दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए किसानों से कहा कि फसल अवशेष नरवाई को जलानें से कई बार अप्रत्याशित रूप से आग लगने की वजह से अग्नि दुर्घटनाओं की संभावना रहती है। साथ ही बिजली के तार जो खेतों के ऊपर से जाते है, उनके भी प्रभावित होनें की आशंका होती है इसलिए सभी किसान भाई नरवाई जलानें पर रोक लगाएं। उन्होंने कहा कि नरवाई प्रबंधन के तहत समूह बनाकर हैपीसीडर एवं सुपरसीडर जैसे उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग कर प्राकृतिक तरीके से नरवाई प्रबंधन कर सकते है। कलेक्टर ने कृषि कार्य में नये वैज्ञानिक तकनीकों का इस्तेमाल कर अधिक लाभ अर्जित करनें की अपील भी कृषकों से की।

## स्प्रिंकलर व ड्रिप पद्धति अपनाएं

कलेक्टर श्री यादव नें जैविक खेती को अपनाने के लिए केचुआं खाद और वर्मी कंपोस्ट आदि के उपयोग की समझाईश देते हुए कहा कि निरंतर कम होते भू-जल स्तर से निपटनें के लिए हमें कम पानी की खपत वाली बेहतर तकनीक जैसे स्प्रिंकलर व ड्रिप सिंचाई पद्धति को अपनाने जैसे कार्यो को प्राथमिकता देनी होगी। इसके लिए यहां किसान मेला मे रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा भी कृषि विभाग के कार्यालय में जाकर कृषि उपकरण खरीदने आदि के लिए मिलने वाले ऋण व अनुदानों की जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है।उन्होंने गांव में मनरेगा योजना अंतर्गत तालाब बनवानें, उद्यानिकी और पशुपालन जैसी गतिविधियां अपनाकर समन्वित खेती के माध्यम से आय अर्जन के अधिक अवसर सर्जित करने किसानों को समझाईश दी।

कृषि मेला में लगे किसानोपयोगी कई महत्वपूर्ण स्टॉलों का निरीक्षण किया। जिसमें से अंजय फूड कटनी प्रा. लि. के काला सोना ब्राण्ड के कच्ची घानी सरसों तेल, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना सहित अन्य स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देने वाले स्टाल और कृषि मेला में मानव जीवन विकास समिति के स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार जैविक उर्वरक और कीटनाशकों के स्टॉल का भी अवलोकन किया। पोषक तत्व प्रबंधन उर्वरक जीवामृत, मठास्त्र, अग्नेयास्त्र, ब्रम्हास्त्र, दसपर्णी, वर्मीकम्पोस्ट, मटकाखाद लमित जैसे कीटनाशक और दवाईयों के भी स्टाल पहुंचे।

## योजनाओं की ली जानकारी

कलेक्टर श्री यादव ने संगम बीडी एफपीओ द्वारा श्री अन्न के स्टॉल में कोदौ-कुटकी, रागी, ज्वार, काला गेहूं, मसाला, हल्दी, धनिया, मिर्च आदि का प्रदर्शन सह विक्रय स्टॉल पहुंचे यहां लोगों की काफी भीड़ देखी गयी। इसके अलावा मेले में लाडली बहना, शौर्यादल, लाडली लक्ष्मी, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, इफको के भी स्टॉलों में किसानों ने पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ली। वहीं कृषि यंत्रों में ट्रैक्ट्रर, रोटावेटर, हैवी सीडर, सुपर सीडर, मल्टी क्रॉप सीड ड्रिल, लेवलर और मल्ट्री क्रॉप थ्रेसर का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा लोगों के जनाकर्षण का केन्द्र यहां इफको द्वारा प्रदर्शित ड्रोन रहा जिसके माध्यम से फसलों में कीटनाशकों के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत, एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा, परियोजना संचालक आत्मा रजनी सिंह चौहान, उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ आर.पी.बेन ,इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक आर.के.मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

### बकाया करों के अधिभार में छूट के चार दिन शेष

**कटनी।** नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि में सम्पत्ति कर, जल प्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार में उपभोक्ताओं को छूट देने का निर्णय लिया है। यह छूट उपभोक्ताओं को 31 मार्च 2025 तक ऑनलाइन भुगतान की दशा में की जाएगी। इस संबंध में विभाग ने नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद और नगर परिषद को पत्र लिखकर निर्देश जारी किए हैं। निगमायुक्त नीलेश दुबे नें निगम के करदाताओं से शासन द्वारा दी जानें वाली छूट का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करनें का आग्रह किया है। इस संबंध में नगर निगम के राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर पाठक ने बताया कि वर्ष 2024-25 वित्तीय वर्ष की कर वसूली 31 मार्च 2025 तक ही हो सकेगी। वर्तमान में 15वें वित्त आयोग की शर्तों के अनुसार प्रति वर्ष सम्पत्ति कर की वसूली में राज्य की ग्रास स्टेट डॉमिस्टिक प्रोडक्ट (जीएसडीपी) की औसत वृद्धि के अनुरूप वृद्धि किया जाना अनिवार्य है। इस स्थिति को देखते हुए वृद्धि न किए जाने की स्थिति में संबंधित नगरीय निकायों को 15वें वित्त आयोग के अनुदान से वंचित होना पड़ सकता है। नगरीय निकायों को अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं को समस्त प्रकार के करों की वसूली नियत समय में किए जाने के लिए जागरूक करने के लिये कहा गया है।

---

जनपद सीईओ ने समीक्षा बैठक में दिये अधिकारियों को निर्देश

# पंचायतवार योजनाओं की समीक्षा कर कहा पात्र हितग्राहियों को दिलाएं लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

मंगल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ यजुवेंद्र कोरी ने विकासखंड की सभी ग्राम पंचायत के सचिवों और रोजगार सहायकों, सुपरवाइजरस और नोडल अधिकारियों को कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस टू का शत प्रतिशत सत्यापन, आवास का समग्र की सूची से सत्यापन, पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे।




इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतवार और योजनावार प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। न्यूनतम प्रगति वाली ग्राम पंचायतों को जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नियत समय सीमा में कार्य योजना बनाकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत के सीईओ श्री कोरी ने कहा कि वांछित प्रगति नहीं आने पर सख्त कार्रवाई प्रस्तावित होगी। उन्होंने आवास का समग्र की सूची से सत्यापन, आवास स्वीकृति, प्रथम किश्त, आवास और पेंशन ईकेवाईसी, खेत तालाब के अंतर्गत हितग्राहियों का चयन, मनरेगा योजना के अंतर्गत श्रमिक नियोजन में वृद्धि, खेल मैदान, शांति धाम, पुराने तालाबों को रिचार्ज करने के लिए नाली निर्माण के पांचवे वित्त से प्रस्ताव आदि पर तत्परता पूर्वक कार्यवाही करने ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए। जनपद पंचायत के सीईओ ने लंबित विद्युत बिल भुगतान, जल जीवन मिशन के अंतर्गत पूर्ण योजनाओं को हस्तांतरित करने एवं लापरवाही बरत रहे ठेकेदारों पर विधि सम्मत कार्रवाई प्रस्तावित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान श्री कोरी ने सत्तर वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पात्र हितग्राहीयो की जानकारी लेकर समीक्षा की एवं शेष छूट गए पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में सहायक यंत्री अजय केसरवानी, प्रभारी खंड पंचायत अधिकारी आर.पी. मार्को, खंड चिकित्सा अधिकारी, मत्स्य अधिकारी, सहायक विकास विस्तार अधिकारी अजिताभ सिंह मौजूद रहे।

---

## पीएम आवास प्लस सर्वे का अधिकारियों ने लिया जायजा



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे आवास प्लस सर्वे का जायजा जिला परियोजना अधिकारी मृगेंद्र सिंह एवं जनपद पंचायत रीठी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंदूलाल पनिका द्वारा ग्राम पंचायत तिलगवा, बरयारपुर, निटर्रा , पौड़ी में ग्रामवासियों के मध्य उपस्थित होकर लिया गया। जिसमे सर्वेयर द्वारा ग्राम पंचायत में कुल परिवारों की संख्या,अभी तक आवास योजना में लाभान्वित परिवारों की संख्या, वर्तमान में चल रहे आवास सर्वे के अंतर्गत किए गए पात्र,अपात्र परिवारों की संख्या की जानकारी दी गई । मौका स्थल पर अधिकारियों द्वारा सर्वेयर एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि कोई पात्र हितग्राही आवास योजना के लाभ से वंचित न रहे,मौका स्थल पर निरीक्षण दौरान ब्लॉक समन्वयक ( चउंल) ,सेक्टर अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

---

# सीएम हेल्पलाइन शिकायत बंद नहीं किया तो बीईओ के नाम से जारी किया फर्जी पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फर्जी अंक सूची से सुपरवाइजर पद पर कार्य करने वाले सुदर्शन पाटकर के खिलाफ बड़वारा में दिनांक 18,03,2025 को आयोजित कलेक्टर महोदय की जन सुनवाई में शिकायत की गई जिसके पश्चात कलेक्टर द्वारा अंक सूची का सत्यापन करवाये जाने व आवश्यक कार्रवाई करवाने का आदेश दिया गया।



शिकायत कर्ता अरुण निगम के द्वारा सुदर्शन पाटकर के द्वारा फर्जी अंक सूची के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में सुपरवाइजर की नौकरी करने की शिकायत कलेक्टर व सीएम हेल्प लाइन में किये जाने के बाद से शिकायत कर्ता अरुण निगम के मोबाइल में मोबाइल नम्बर 6261884631 से जया पाण्डे के द्वारा शिकायत कटवाने की बात कही जा रही है किंतु अरुण निगम के द्वारा शिकायत नही कटवाए जाने पर जया पाण्डेय द्वारा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जतिन लाहौरिया के नाम से बिना जावक नम्बर व विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के बगैर हस्ताक्षर वाला फर्जी पत्र बनाकर अरुण निगम के व्हाट्सएप नम्बर पर पत्र भेजा गया जिसकी शिकायत अरुण निगम के द्वारा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जतिन लाहौरिया से की गई जिसके पश्चात श्री लाहौरिया ने कलेक्टर एवम जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के नाम से फर्जी पत्र बनाने वाली जया पांडे के द्वारा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के नाम का दुरूपयोग जाने की बात कही। अतः जया पांडेय के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया है।

---

राष्ट्रव्यापी विचार एवं परामर्श सम्मेलन का हुआ आयोजन

# पूर्व हाईकोर्ट जज ने कहा एक राष्ट्र, एक चुनाव का प्रस्ताव देश विकास के हित में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एक राष्ट्र- एक चुनाव से विकसित भारत के निर्माण और भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में एक नए युग की शुरुआत होगी। यह विचार बारडोली विचार मंच द्वारा आयोजित राष्ट्रव्यापी विचार एवं परामर्श सम्मेलन को संबोधित करते हुए एक राष्ट्र-एक चुनाव के प्रदेश संयोजक एवं हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रोहित आर्य ने व्यक्त किये। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, विधायक संदीप जायसवाल, पूर्व महापौर सीए शशांक श्रीवास्तव, पूर्व केडीए अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, जिला संयोजक आशीष गुप्ता बाबा एवं सहसंयोजक दीपक तिवारी मंचासीन रहे।




भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने कहा कि लोकहित में एक राष्ट्र-एक चुनाव के बहुआयामी सकारात्मक परिणाम के लिए जनमत से समर्थन करने के लिए राष्ट्र निर्माण में जनता जनार्दन से अपनी भागीदारी, सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए ताकि चुनाव को कम और प्रशासनिक दक्षता सुनिश्चित हो।

पूर्व न्यायाधीश रोहित आर्य ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव प्रक्रिया (एक के बाद एक राज्य) होने के कारण निर्वाचित मंत्रिपरिषद अधिकांशतः चुनावों में व्यस्त रहती है और वे विकास एजेंडे के क्रियान्वयन के लिए अधिक समय नहीं दे पाती। एक देश, एक चुनाव' देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और सशक्त बनाएगा, सरकारी कोष पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम होगा, विकास की गति बढ़ेगी तथा देश विकास और सुशासन की नई बुलंदियों तक पहुंचेगी।

उन्होंने कहा कहा कि यह किसी विशेष पार्टी या राज्य के बारे में नहीं है और यह हर जगह हो रहा है। एक राष्ट्र एक चुनाव लागू होने के बाद, न केवल मंत्रियों और अन्य मशीनरी के पास राज्यों और देश के विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पर्याप्त समय होगा। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की रिपोर्ट ने 2034 तक प्रस्तावों को लागू करने की सिफारिश की है। लेकिन, उससे पहले हमें देश के हर नागरिक को समझाने की जरूरत है।

---

कन्या महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान का आयोजन

# प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र किये गए वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जो प्रतिमाह आयोजित होने वाली शैक्षिक और जागरूकता गतिविधियों की श्रृंखला का हिस्सा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की चुनौतियों से परिचित कराना और उनके भीतर इस संवेदनशील मुद्दे के प्रति जागरूकता विकसित करना था। आज के समय में, जब इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है, साइबर अपराधों का खतरा भी बढ़ गया है। ऐसे में यह कार्यक्रम छात्राओं को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ।



कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात, संयोजक डॉ. साधना जैन और मुख्य वक्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी डॉ. संतोष डहेरिया ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया। अपने उद्बोधन में डॉ. चित्रा प्रभात ने साइबर सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि तकनीक के इस दौर में साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है।

मुख्य वक्ता डॉ. संतोष डहेरिया ने अपने व्याख्यान में ऑनलाइन साइबर अपराधों के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने एक प्रभावी पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन (PPT) के माध्यम से साइबर सुरक्षा के तकनीकी पहलुओं, अपराधों के प्रकार और उनसे बचाव के उपायों को विस्तार से समझाया। उन्होंने फिशिंग, ऑनलाइन ठगी, डेटा चोरी और सोशल मीडिया दुरुपयोग जैसे खतरों के बारे में जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने छात्राओं को पासवर्ड सुरक्षा, संदिग्ध लिंक से बचने और व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में सावधानी बरतने जैसे व्यावहारिक सुझाव दिए।

कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और डिजिटल मार्केटर अमिय कुमार ने भी गूगल मीट के माध्यम से भाग लिया। उन्होंने छात्राओं को व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा पर केंद्रित व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए संदिग्ध ईमेल, मैसेज और अनजान कॉल्स से सावधान रहना चाहिए। उनके सुझावों ने छात्राओं को डिजिटल दुनिया में अपनी गोपनीयता बनाए रखने के लिए उपयोगी टिप्स प्रदान किए।

इस अवसर पर साइबर सुरक्षा से संबंधित पोस्टर प्रतियोगिता में मनीषा अहिरवार को पुरस्कृत किया गया। साथ ही, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के शिविर में भाग लेने वाली छात्राओं नीलम सोनखरे, काजल और रिषिका को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. विमला मिंज, डॉ. किरण खरादी, डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. अमिताभ पांडेय, प्रो. के.जे. सिन्हा, सुनीता श्रीवास्तव, डॉ. के.जी. सिंह, डॉ. अशोक शर्मा, भीम बर्मन, प्रेमलाल कॉवरे, प्रियंका सोनी, डॉ. पी.सी कोरी, श्रीमती सृष्टि श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. मैत्रयी शुक्ला, आंजनेय तिवारी, डॉ. वंदना चौहान, श्रीमती रिचा दुबे, डॉ. अनिका वालिया, पूनम गर्ग, डॉ. श्रद्धा वर्मा, डॉ. संजयकांत भारद्वाज, श्वेता कोरी आदि उपस्थित रहीं।

---

# मुख्यमंत्री श्रमिक परिवारों को करेंगे राशि का अंतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 28 मार्च को भोपाल के मंत्रालय से संबल योजना में अनुग्रह सहायता के प्रकरणों में सिंगल क्लिक से हितग्राहियों के खातों में राशि अंतरित करेंगे। इससे कटनी जिले के हितग्राही भी लाभांवित होंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं, साथ ही श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा के लिये सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

नीति आयोग की पहल पर गिग एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को भी संबल योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया जाकर इनका पंजीयन प्रारम्भ किया गया है। इन्हें भी संबल योजना के अंतर्गत समस्त लाभ प्रदान किये जा रहे हैं। संबल हितग्राहियों को खाद्यान्न पात्रता पर्ची भी प्राप्त होती है। इससे वे केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा रियायती दरों पर राशन प्राप्त कर रहे हैं। संबल योजना में श्रमिक को जन्म से लेकर मृत्यु तक आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। वास्तविक अर्थों में यह श्रमिकों का संबल है। यह योजना देश के सभी राज्यों के लिए अनुकरणीय है।

## खबर संक्षेप

### बिना अनुमति चल रहे ईंट भट्टों पर प्रशासन की कार्रवाई

**बटियागढ़**। प्रशासन ने ग्राम पंचायत शहजादपुरा में अवैध रूप से चल रहे ईंट भट्टों पर कार्रवाई की। अनुविभागीय अधिकारी निकेत चोरसिया और तहसीलदार योगेंद्र चौधरी की टीम ने शासकीय और निजी भूमि पर बिना अनुमति चल रहे भट्टों को बंद कराया। इन भट्टों में जंगल की लकड़ी से ईंटों का निर्माण किया जा रहा था। साथ ही शासकीय स्कूल के पास एव हाई टेंशन लाइन के पास लगाया गया था। तहसीलदार योगेंद्र चौधरी ने बताया कि पटवारी से जांच कराकर अवैध भट्टों पर कार्रवाई की जाएगी।

### पांच फरार आरोपियों पर ईनाम घोषित

**दमोह**। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के 05 प्रकरण में फरार आरोपियों पर 17 हजार 500 रूपये का ईनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना पथरिया के अपराध क्रमांक 95/25 धारा 109 बीएनएस इजाफा धारा 230, 60बीएनएस, 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत फरार आरोपी विक्रम लोधी पिता मलखान लोधी उम्र 26 साल निवासी ग्राम हिनौतीघाट थाना कोतवाली एवं फरार आरोपी नवीन बौद्ध पिता दीनदयाल बौद्ध उम्र 28 साल निवासी बड़ा पुरा थाना कोतवाली जिला दमोह पर चार-चार हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 89/25 धारा08/18 एनडीपीएस एक्ट 111 (4) बीएनएस के तहत फरार आरोपी लकी ऊर्फ एजाज पिता अमजद खान उम्र 25 साल निवासी करके मोहल्ला थाना कोतवाली दमोह एवं थाना बटियागढ़ के अपराध क्रमांक 35/25 धारा 332 (बी), 64, 351 (2) बीएनएस के तहत फरार आरोपी रितिक ऊर्फ मयूर करोसिया निवासी अजमेरी बाग इकलेहरा थाना बड़कुही तहसील परासिया जिला छिंदवाड़ा पर 3500-3500 सौ रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना तेजगढ़ के अपराध क्रमांक 298/24 धारा 137 (2), 64 (2) एम, 87, 96, 351 (3) बीएनएस 5/6, 16/17 पाक्सो एक्ट के तहत फरार आरोपी देवेन्द्र अहिरवार पिता अच्छे लाल अहिरवार निवासी ग्राम पड़रिया थाना दमोह देहात पर 2500 सौ रूपये का इनाम घोषित किया गया

### साहित्य समागम एवं सम्मान समारोह 29 को

**दमोह**। मध्यप्रदेश लेखक संघ के तत्वावधान में कल 29 मार्च 2025 (शनिवार) को दोपहर बाद 2:30 बजे से स्थानीय मानस भवन (अस्पताल चौराहा) में साहित्य समागम एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन होगा, इस संबंध में एक बैठक संघ के जिला अध्यक्ष इंजी. अमर सिंह राजपूत के निज निवास पर हुई। कोषाध्यक्ष बीएम दुबे ने बताया कि उक्त बैठक में समारोह की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया जिसके अनुसार संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के मुख्य आतिथ्य में तथा प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र गट्टानी की अध्यक्षता में उक्त समारोह का आयोजन होगा।

दो दिन बाद चैत्र नवरात्रि पर्व: मंदिरों में तैयारियां प्रारंभ, उपासना के नौ दिन भक्तों के लिए बेहद खास

# गज पर सवार होकर आएंगी मातारानी लाएगीं खुशहाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

चैत्र नवरात्रि का आरंभ हर साल चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि से होता है। इस साल प्रतिपदा तिथि 30 मार्च को पड़ रही है यानी कि दो दिन बाद इस साल चैत्र नवरात्रि पर कई शुभ योग बन रहे हैं। इस बार 4 राजयोग का संयोग रहने वाला है, साथ ही इस दिन सिद्धि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग दोनों का शुभसंयोग रहेगा। चैत्र नवरात्रि को लेकर मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। चैत्र नवरात्रि में मां के अलग-अलग नौ स्वरूपों का पूजन किया जाएगा।

### समृद्धि का प्रतीक है हाथी

पंडित गोपाल शास्त्री के अनुसार नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा का जितना महत्व है उतना ही महत्व मां के आगमन और गमन की सवारी का भी है। इस वर्ष मां का आगमन और गमन दोनों ही शुभ संकेत दे रहे हैं। चैत्र नवरात्रि में माता रानी की सवारी हाथी यानी गज है। धर्म शास्त्रों के मुताबिक हाथी को शांति और समृद्धि का प्रतीक माना गया है यह देश और देशवासियों के जीवन में शांति और समृद्धि लाएगी। 6 अप्रैल को रविवार के दिन नवरात्रि का समापन होगा। मातारानी हाथी पर प्रस्थान करेंगी। माता का हाथी पर सवार होकर प्रस्थान करना शुभ संकेत माना जाता है। सुख व सौभाग्य की वृद्धि करती है। इसका असर राष्ट्र पर भी होता है। राष्ट्र में सुख समृद्धि और मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। इस चैत्र नवरात्रि चतुर्थी तिथि का क्षय हो रहा है। सभी 8 दिन मां देवी को समर्पित है।

### 8 दिनों की होगी नवरात्रि

इस बार नवरात्रि 8 दिनों की होगी। इसमें 2 सर्वार्थ सिद्धि, 2 रवि योग, दो अमृत सिद्धि योग और रविपुष्य का संयोग बन रहा है। नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी पर रविपुष्य योग का महासंयोग बन रहा है। चैत्र नवरात्रि का आरंभ 30 मार्च से हो रहा है। इस दिन रविवार है और इस बार चैत्र नवरात्रि का आरंभ ग्रहों की महापंचायत से हो रहा है। दरअसल 30 मार्च को जिस दिन चैत्र नवरात्रि का आरंभ हो रहा है, उसी दिन से हिन्दू नववर्ष भी शुरू हो रहा है और इस अवसर पर मीन राशि में 3 ग्रहों का संयोग हो रहा है। मीन राशि में बुध के साथ सूर्य, राहु ग्रह साथ होंगे। ज्योतिषीय दृष्टि से ग्रहों का यह संयोग बहुत ही अच्छा माना जा रहा है। ऐसे में इस योग से शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति होगी। देश की अर्थव्यवस्था में भी तेजी आएगी। धन, सुख-सुविधा, मान-सम्मान की प्राप्ति होगी

**कलश एवं जवारा स्थापना मुहूर्त**

प्रातः 6:13 से प्रातः 10:37 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त 11:41 से 12:50 बजे तक
दोपहर 12:28 से दोपहर 2:18 बजे तक

### घटस्थापना की पूजा विधि

मिट्टी को चौड़े मुंह वाले बर्तन में रखें और उसमें जवा बोएं। अब उसके ऊपर कलश में जल भरें और उसके ऊपरी भाग में कलावा बांधें। आम या अशोक के पत्तों को कलश के ऊपर रखें। नारियल में कलावा लपेटे। उसके बाद नारियल को लाल कपड़े में लपेटकर कलश के ऊपर और पत्तों के मध्य रखें। घटस्थापना पूरी होने के बाद मां दुर्गा जी का आह्वान करें

# एक राष्ट्र एक चुनाव का अध्यक्ष एवं पार्षदों ने प्रस्ताव पारित कर राष्ट्रपति के समक्ष भेजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर परिषद के सभाहाल में राज्य मंत्री धमेन्द्र सिंह की उपस्थिति में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षदो ने एक राष्ट्र एक चुनाव का प्रस्ताव पारित कर राज्यपाल के समक्ष भेजा गया है। इस दौरान धमेन्द्र सिंह ने कहां कि एक राष्ट्र एक चुनाव एक क्रातिकारी कदम है। जो भारत के लोकतंत्र को और मजबूत पारदीं एवं कुषल बना सकता है। इससे केबल सरकार के कार्यो में मजबूती आएगी साथ ही राष्ट्रीय एकता और अखंडता भी सुदृढ होगी। बार बार चुनाव कराने में भरी प्रषासनिक खर्च और संसाधनो की बर्वादी होती है। एक साथ चुनाव से खर्च में भारी कमी आएगी और सुरक्षा बलो षिक्षको और प्रषानिक अधिकारियों को बार बार चुनावी डयूटी से मुक्त किया जा सकेगा। बार बार आर्दष आचार संहित के कारण विकास कार्य रूक जाते है। इससे भी निजात मिलेगी। साथ मतदाताओ की भागीदारी भी बडेगी। इसके अलावा नगर परिषद अध्यक्ष सुरेष जैन एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद गोविन्द यादव ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान नगर परिषद उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, कमलेष शर्मा, गोपाल ठाकुर, ईष्वर वेन, रामकृष्ण मालवीय, दिनेष साहू, विपिन घोषी, बुटटन चक्रवर्ती, हल्के भाई घोषी पार्षद मौजूद रहे इसके मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, मूरत सिंह ठाकुर, भागचंद जैन, सतेन्द्र जैन, नर्मदा दुवे, संतोष दुवे, रमेष तिवारी के अलावा अनेक कार्यकर्ता भी मोजूद रहे।

## ज्ञानी और लकी चयन परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया मान



**रनेह**। रनेह के होनहार छात्रों ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा एवं मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा पास कर अपने विद्यालय के साथ संपूर्ण रनेह क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साईं चिल्ड्रंस एकेडमी रनेह के कक्षा पांचवी के होनहार छात्र ज्ञानी कोरी पिता गोवर्धन कोरी ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा पास कर अपने माता-पिता और विद्यालय के साथ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साथ ही कक्षा आठ के छात्र लकी कोरी पिता काशीराम कोरी ने जिला स्तरीय मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था प्रमुख लवकेश नायक ने बताया कि दोनों छात्र प्रारंभिक कक्षाओं में भी हमेशा अव्वल आते रहे है, गड़िया टोला, रनेह के अन्य बच्चे भी काफी होनहार हैं। संस्था आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती हैं।

# श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए मिलेट्स गैलरी का आयोजन

### मोटे अनाज की खेती के लिए किसानों को बढ़ावा देने के लिए उत्साहित किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

गुबरा कला में श्रीअन्न को प्रोत्साहन देने के लिए मिलेट्स गैलरी का आयोजन किया जा रहा है। मिलेट्स गैलरी का उद्घाटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह के पिता भाव सिंह लोधी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, सतपाल सिंह सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्तिथि रही। इस कार्यक्रम में कृषि से सम्बन्धित विभागों के अधिकारी सहित किसानों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। यह मिलेट्स गैलरी जहां एक तरफ जनपद के किसानों में मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने के लिए उत्साहित करेगा। वहीं आम लोगों को उनके भोजन में शामिल करने के लिए भी प्रेरित कर रहा। नरेंद्र सिंह एसएडीओ ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इस गैलरी में सांवा, कोदो, रांगी, मडुआ, चेना, कुटकी, ज्वार, बाजरा व मक्के जैसे श्री अन्न है इसमें उन अनाजों की अपेक्षा प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट फाइबर रेशा विटामिनस आदि प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। ऑर्गेनिक के लिए खाद पानी आदि की आवश्यकता नहीं होती है तथा शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता भी होती है। किसान इन फसलों को अधिक से अधिक लगाएं मुख्य अतिथि भाव सिंह लोधी कार्यक्रम में पधारे जैविक कृषक बहादुर शहजादा का स्वागत किया। जो रागी लड्डू नमकीन लाए और सभी को खिलाया। भाव सिंह लोधी ने किसानों से अपील के श्री अन्न कि फैसले अधिक से अधिक लगाएं। उपजाए जैविक तरीके से लगाए रासायनिक खाद कीटनाशी खरपतवारनासी का उपयोग कम से कम करें मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह ने बताया हमारे पूर्वज ज्वार कोदो मक्का उगाया करते थे आज गेहूं चना अधिक उगा रहे है। किसानों से निवेदन करते हुए नरेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जी 20 कार्यक्रम में मोटे अनाज श्री अनाज की उत्पादन विश्व से आए मेहमानों को खिलाया और मोटे अनाज श्री अन्न की खेती करने के लिए प्रेरित किया था। कार्यक्रम उपस्थित सभी किसानों को श्री अन्न ज्वार बाजरे मक्के की रोटी रागी का नमकीन छांछ आदि प्रसाद कराया गया। कार्यक्रम में पधारे कृषकों अतिथियों का आभार व्यक्त कृषि विस्तार अधिकारी के एल चौरसिया के द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रिंस जैन संजय रोहित दीपेंद्र पटेल दीपक पटेल एस पटेल अमित परमार जवाहर सिंह अर्चना सिंह हरि वाई श्री अन्न उगने वाले कृषकों मौजूदगी रही।

# आज से 5 दिन तक नहीं होगी नीलामी

### बैंक और त्योहार की छुट्टियों के चलते मंडी रहेगी बंद

**हटा**। कृषि उपज मंडी में आज। 28 मार्च से आगामी पांच दिनों तक कारोबार ठप रहेगा। वार्षिक लेखा बंदी और ईद की छुट्टी के कारण इस अवधि में मंडी में डाक नीलामी नहीं होगी। मंडी प्रबंधन ने किसानों को सलाह दी है कि वे इस दौरान अपनी फसल लेकर मंडी न आएं, जिससे अनावश्यक भीड़ और अव्यवस्था से बचा जा सके। बैंकों की लेखाबंदी और त्योहार का असर मंडी प्रबंधन के अनुसार, 28 और 29 मार्च को बैंकों में वार्षिक लेखाबंदी के चलते वित्तीय लेन-देन नहीं होगा। इसके बाद 30 मार्च को ईद की छुट्टी और 31 मार्च को रविवार होने के कारण मंडी में भी अवकाश रहेगा। वहीं, 1 अप्रैल को भी बैंकिंग कार्य बंद रहेगा, जिससे मंडी में भी कारोबार शुरू नहीं हो सकेगा।

### प्रशासन और मंडी प्रबंधन की अपील-

मंडी प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अवकाश के दौरान अपनी फसल लेकर न आएं, ताकि अव्यवस्था न हो।उन्होंने यह भी बताया कि 2 अप्रैल से मंडी में सामान्य रूप से नीलामी प्रक्रिया फिर से शुरू हो जाएगी। किसान इस बात का ध्यान रखें कि वे सही समय पर फसल लेकर पहुंचे, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। किसानों जल्द बिक्री को लेकर चिंतित हैं कि यदि वे अभी अपनी फसल नहीं बेच पाए, तो उन्हें अतिरिक्त भंडारण की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, कुछ किसानों को डर है कि अवकाश के बाद अचानक बढ़ी आवक के कारण दामों में गिरावट हो सकती है। हालांकि, मंडी प्रबंधन ने भरोसा दिलाया है कि अवकाश के बाद व्यवस्थित तरीके से व्यापार शुरू किया जाएगा और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने की पूरी कोशिश की जाएगी।

# डेन्टल शिविर का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

टाईम्स महाविद्यालय परिसर में विश्व ओरल हेल्थ दिवस के अवसर पर शासकीय चिकित्सालय दमोह से पधारे डा सोमेश मिश्रा एवं डा वर्षा पटेल द्वारा डेन्टल चेकअप शिविर का आयोजन किया गया जिसमें समस्त संकाय के छात्र-छात्राओं के साथ साथ महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का चेकअप कर दांतों को सुरक्षित रखने के उपायों की जानकारी दी। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर द्वारा छात्र छात्राओं को धूम्रपान एवं तम्बाकू का सेवन न करने की सलाह दी गई।

### कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का होगा आयोजन

**दमोह**। टाईम्स पब्लिक स्कूल में सी.बी.एस.ई नई दिल्ली के द्वारा एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग ट्रेंनिग का आयोजन दिनांक 29 मार्च शनिवार को होगा जिससे सी.बी.एस.ई नयी दिल्ली से नियुक्त रिसोर्स पर्सन रसपाल सिंह, प्राचार्य इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल सिवनी एवं एस के नेमा प्राचार्य डी. ए. वी पब्लिक स्कूल कोटेश्वर द्वारा रजिस्टर्ड शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदाय कियाजायेगा। संस्था के डायरेक्टर डा सुशील गुप्ता के द्वारा दमोह के समस्त स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को सी.बी.एस.ई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाकर ट्रेंनिग ज्वाईन करने हेतु अनुरोध किया गया है।

# जल सरंक्षण संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**झलौन**। विश्व जल संरक्षण दिवस पर जल संरक्षण संगोष्ठी एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ससना कलां एवं नवांकुर संस्था मोहित पटेल एजुकेशन सोसाइटी धनेटा माल द्वारा आदर्श ग्राम ससना कला में



विश्व जल सरक्षण दिवस के अवसर पर संगोष्ठी एवं जल संरक्षण शपथ का आयोजन MP इंटरनेशनल स्कूल ससना कलां में किया गया। जिसमें स्कूल का समस्त स्टाफ और सभी बच्चों की उपस्थिति में जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा की गई। संस्था के अध्यक्ष मोहित पटेल द्वारा जल संरक्षण के उपायों एवं इसके सतत उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। ओर सभी बच्चों एवं शिक्षकों के साथ नारे लगाए गए। जल होगा तभी सुरक्षित कल होगा। जल बचेगा तो जीवन बचेगा। जल है तो कल है। पानी को बर्बाद ना करें यह एक सीमित संसाधन है यह नारे लगाए गए। जल एक अनमोल सीमित साधन है जिसे बचाने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। ग्रामवासियों की सहभागिता एवं जन सहयोग से ही जल स्रोतों का संरक्षण संभव हो सकता है। संगोष्ठी के उपरांत सभी ग्रामवासियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई, जिसमें जल बचाने, जल का सदुपयोग करने एवं पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण हेतु संकल्प लिया गया।

# मुक्ति मंच ने विश्व रंगमंच दिवस पर किया आयोजन



**दमोह**। मुक्ति समाजिक एवं सांस्कृतिक मंच के द्वारा विश्व रंगमंच के दिवस पर स्थानीय नेहरू पार्क में रंग कर्मियों के द्वारा विश्व रंगमंच दिवस मनाया गया। जिसकी शुरुआत मुक्ति मंच के कलाकारों के द्वारा गायन के माध्यम की गई इसके पश्चात रंगकर्मियों के द्वारा एक लघु नाटिका का मंचन किया गया। कार्यक्रम में दमोह के वरिष्ठ रंगकर्मी एवं फिल्म निर्माता प्रोफेसर रश्मि जेता के द्वारा रंगमंच के इतिहास की जानकारी दी गई। वही रंगकर्मी और वरिष्ठ अधिवक्ता अनुनय श्रीवास्तव जी के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया वही प्रशांत जडिया जी के द्वारा मंच सज्जा की आवश्यकता के बारे में बतलाया मुक्ति सामाजिक एवं सांस्कृतिक मंच की ओर से अधिवक्ता रंगकर्मी दीपक श्रीवास्तव जी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर अधिवक्ता राजकुमार सोनी, पत्रकार एवं रंगकर्मी मनीष सोनी, रंगकर्मी अधिवक्ता श्री संदीप खरे, अखिलेश गोस्वामी, रंजीत परोचे, संजय रजक, मोहित ठक्कर, गौरव रोहिताश, कृष्णा तिवारी, निलेश प्रजापति, आदर्श तिवारी, हर्ष विश्वकर्मा, देवीका नामदेव, दीप्ति कोरी शामिल हुए।

# नवोदय में छात्र का चयन होने पर पुरस्कार से सम्मानित



**हिंडोरिया**। पी.एम नवोदय विद्यालय चयन होने पर बताया में अमृता पटेल कक्षा पांचवी राजेंद्र पाठक मेमोरियल हाई सेकेंडरी स्कूल की छात्रा हूं मेरा कक्षा छठवीं के लिए विद्यालय में चयन हुआ है जिसका श्रेय अपने माता-पिता और मेरे विद्यालय की प्राचार्य मेघा पाठक शिक्षक एवं शिक्षिकाओं सरिता, सानिया, अंजलि मेम को देती हूं जिन्होंने मुझे सही मार्गदर्शन दिया है।

# स्कूलों में छात्रों के नामांकन बढ़ाने के लिये 1 से 10 अप्रैल के दौरान गृह संपर्क अभियान

**दमोह**। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है, स्कूलों में छात्रों के नामांकन बढ़ाने के लिये 01 से 10 अप्रैल 2025 के दौरान शालेय शिक्षकों द्वारा गृह सम्पर्क अभियान चलाया जायेगा। शिक्षकों द्वारा कैचमेंट एरिया में घर-घर जाकर 6 से 18 वर्ष के बच्चों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र-01 में ली जायेगी, सम्पर्ककर्ता शिक्षक द्वारा सम्पर्क डायरी संधारित कर निर्धारित प्रपत्र-1 अनुसार कॉलम डायरी में तैयार कर जानकारी भरी जावेगी एवं अंतिम कालम में परिवार के मुखिया के हस्ताक्षर लिए जायेंगे। उन्होंने कहा कार्य को प्राथमिकता देते हुए सम्पादित किया जाना सुनिश्चित किया जाये, किसी भी स्तर पर कार्य में उदासीनता को क्षम्य नहीं किया जायेगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा यदि किसी परिवार में कोई बच्चा अप्रवेशित / शाला से बाहर मिलता है तो उसका कारण डायरी में संधारित करना होगा। साथ ही छात्र के शाला में प्रवेश हेतु परिवार के सदस्य को प्रेरित करना होगा एवं सहमति की दशा में तत्समय ही छात्र के प्रवेश की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। प्रतिदिन सम्पर्क उपरांत सायं 4 बजे शिक्षक द्वारा उसी दिवस किए गए सम्पर्कों की संकलित जानकारी (कक्षा 1 से 8) जनशिक्षक को एवं (कक्षा 9 से 12) संकुल प्राचार्य को भेजी जावेगी। संकुल प्राचार्य द्वारा अपने क्षेत्र की संकलित जानकारी प्रपत्र-2 में तैयार कर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी (कक्षा 9 से 12) को एवं इसी तरह जनशिक्षक द्वारा अपने क्षेत्र की संकलित जानकारी तैयार कर विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक को (कक्षा 1 से 8) की जानकारी सायं 5 बजे तक भेजी जावेगी। उन्होंने कहा संबंधित विकासखण्ड से सम्पूर्ण विकासखण्ड की संकलित जानकारी प्रपत्र-3 में संकलित कर जिला स्तरीय नोडल अधिकारी को सायं 6 बजे तक भेजी जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक द्वारा जिले की संकलित जानकारी से प्रतिदिन साथ 6 बजे कलेक्टर को अवगत कराया जावेगा। शिक्षकों द्वारा किए जाने वाले गृह सम्पर्क की सतत मॉनीटरिंग संकुल प्राचार्य बीईओ, बीआरसीसी, बी.ए.सी., जनशिक्षकों द्वारा की जायेगी।

# दस्तावेज से वंचित हितग्राहियों को सुविधा देने एसडीएम ने ली बैठक

### तीन विभाग मिलकर करेंगे सर्वे ओर तैयार कराएंगे जरूरी दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मडियादो

इस अभियान से वह समस्त दस्तावेज तैयार कराए जा सकेंगे जो मूलभूत सुविधाओं के लिए अति आवश्यक है।इसके लिए आप सभी को क्रमबद्ध योजना के अनुसार कार्य करना होगा। जन्मप्रमाण पत्र, आधार, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड आदि की जानकारी एकत्रित करनी होगी ताकि उनके दस्तावेज शिविर लगाकर बनवाए जाएंगे। इन दस्तावेज के तैयार होने से लोगों को जन हितैषी योजनाओं का लाभ सरलता से मिल सकेगा। यह बात हटा एसडीएम राकेश मरकाम ने मडियादो में बैठक में शामिल आशा कार्यकर्ता, सचिव,सहायक सचिव , हल्का पटवारियों से सामूहिक रूप से कही। बता दे कि हटा एसडीएम राकेश मरकाम द्वारा इस अभियान को लेकर उप तहसील मडियादो परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मडियादो क्षेत्र के 20 पंचायतों के सचिव, सहायक सचिव, हल्का पटवारी और आशा कार्यकर्ता शामिल हुई।

### अनुविभाग में मडियादो से शुरुआत

प्रायः यह देखा गया है कि शासन की विभिन्न योजना अंतर्गत हितग्राहियों को लाभ इसलिए नहीं मिल पाता है क्योंकि उनके पास कोई दस्तावेज जैसे कि जन्म प्रमाण पत्र, आधार आदि नहीं होते है जिसके कारण वह अपूर्ण आवेदन करते है और अंततः प्रकरण खारिज हो जाते हैं। शासकीय योजनाओं के लाभ के लिए दस्तावेज की कमी को दूर करने के लिए हटा अनुविभाग से अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान से जन्मप्रमाण पत्र आधार कार्ड , जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड तैयार होंगे। इस अभियान से लोगों को किसी भी योजना के लाभ लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार कराने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।सर्वे टीम में आशा , सचिव, हल्का पटवारी शामिल रहेंगे।



### इस तरह होगा सर्वे

सर्वे टीम में शामिल सदस्य डोर टू डोर संपर्क कर जानकारी एकत्रित करेंगे कि कितने लोगों के जन्म प्रमाण पत्र नहीं है। कितने लोगों के आधार कार्ड नहीं बने। जाति प्रमाण पत्र बना या नहीं। आयुष्मान कार्ड, समग्र आई डी बनी या नहीं। यह जानकारी एकत्रित कर दूसरे क्रम में शिविर का आयोजन किया जाएगा जिनमें आधार कार्ड, जन्मप्रमाण प्रत्र,आयुष्मान, जाति सहित अन्य दस्तावेज से वंचितों को बुलाया जायेगा और उनके दस्तावेज तैयार करने की शुरुआत होगी। इस अभियान की प्रगति और मॉनिटरिंग नायब तहसीलदार मडियादो शिवराम चढ़ार द्वारा की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## 38 हजार रूपए की बकाया राशि पर बिजली कम्पनी ने दो चक्की की जप्त

**तेंदूखेड़ा।** विजली वितरण केंद्र तेंदूखेड़ा के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा लगातार विजली के बकाया विलो की राषि बसूल करने के लिए कुर्की की कार्यवाही लगातार की जा रही है। गुरूवार को ग्राम खामखेड़ा सांगा फीडर के तहत दो बकायादारो का 38 हजार विल बाकी होने पर दो चक्की की मोटर सहित जप्त कर कुर्की की कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान एई एमएफ अंसारी, सुधीर पेटरियां, गोपाल लोधी, राजा बाबू ठाकुर, दयाराम यादव के स्टाफ मौजूद रहा है।

## अवैध भूसा परिवहन करते वाहन जप्त

**बनवार।** परस्वाहा में एक ओवरलोड वाहन को पकड़कर जप्त करने की कार्यवाही की गई है। यह वाहन जबलपुर जिले में भूसा परिवहन कर रहा था, जो कि अवैध है। दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पहले ही जिले के बाहर भूसे के अवैध परिवहन पर रोक लगाई थी, लेकिन कुछ वाहन चालक अभी भी इस आदेश का उल्लंघन कर रहे हैं। नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा ने बताया कि उन्होंने परस्वाहा गांव में ओवरलोड भूसे से भरे एक पिकअप वाहन को रोककर वाहन चालक से पूछताछ की। वाहन चालक ने बताया कि वह भूसे को लेकर कटंगी जा रहा था। इसके बाद मौके पर ही कागजी कार्यवाही कर वाहन को जप्त करते हुए बनवार पुलिस चौकी में रखवाया गया है।

## रनेह के नायक परिवार में शोक



**दमोह।** रनेह में प्रतिष्ठित नायक परिवार की वयोवृद्ध श्रीमती सियारानी नायक/स्व. श्री गौरीशंकर नायक ने शतायु प्राप्त कर देवलोक गमन किया। उनके निधन से पूरे ग्राम में शोक लहर की व्याप्त है। माताजी का अंतिम संस्कार दिनांक 28 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को प्रातः 10 बजे रनेह मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनके पुत्र रामेश्वर नायक, हरिराम नायक, श्याम नायक, सुरेश नायक, महेंद्र नायक से मिलकर ग्राम के लोगो ने परिवार को ढाढस बंधाया। उल्लेखनी है कि श्रीमती सियारानी नायक हरिभूमि प्रतिनिधि श्याम नायक की माताजी है। हरिभूमि परिवार ने श्रद्धाजंलि अर्पित कर उनकी सदगति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की है।

### गर्मी शुरू होते ही सामने आने लगी आगजनी की घटनायें

# आग लगने से गेहूं की खड़ी फसल राख

### स्थानीय किसानों ने दिखाई सूझबूझ, खेत में चलाया ट्रैक्टर, ताकि आग पर पा सके काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

गर्मी शुरू होते ही किसानों की खड़ी फसलें आग की चपेट में आने लगी है। जहां गुरुवार की दोपहर विकासखंड के ग्राम हिनमतपटी के किसान प्रहलाद पटेल के खेत में खड़ी गेहूं की फसल आग से चौपट हो गई, जिसका कारण खेत के बीच से निकली बिजली की बड़ी लाइन में हुई इंस्पायरिंग से आग लगने कारण बताया जा रहा है। हालांकि आग की सूचना मिलते ही स्थानीय किसानों ने पानी की मदद से और अपने ट्रेक्टर को लेकर खेत में लगी आग की तरफ दौड़ाकर आग पर काबू पाने के लिए खेत में खड़ी फसल में ही रोटर वेटर, चलाया, ताकि आग आगे न बढ़ सकें।

### कटने की कगार पर है गेहूं की फसल-

हटा तहसील में जहां कई किसानों ने अपने खेतों में गेहूं कटवा लिए हैं तो वहीं ज्यादातर फसल कटने की कगार पर है। अचानक से बढ़ी गर्मी के कारण सभी किसानों के गेहूं एक साथ आ गए हैं। हर दिन किसानों के खेतों में हार्वेस्टर से फसलों की कटाई का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, लेकिन हिनमतपटी में एक किसान की फसल कटने से पहले ही आगजनी का शिकार हो गई। दरअसल किसानों ने चाह माह की कड़ी मेहनत, लेकिन उनकी फसलों को नष्ट होने में पांच मिनट का समय लगा। देखते ही देखते आग ने गेहूं के खेत को अपने आगोश में ले लिया अपनी खड़ी फसल को जलते हुए देख किसान रोते, बिलखते हुए देखे गए, क्योंकि उनको गेहूं की फसल से बड़ी उम्मीदें रहती हैं। अब उनकी सभी उम्मीदें भी गेहूं के साथ जलकर खाक हो गई। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी जली हुई फसल का उचित मुआवजा दिलाया जाए।



## प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक लगेंगे स्कूल

**दमोह।** ग्रीष्म ऋतु के दौरान तापमान में वृद्धि होने से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए शाला संचालन समय परिवर्तन के संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने दिशा- निर्देश जारी किये है। जारी निर्देशों में कहा गया है समस्त शासकीय, अशासकीय, नवोदय विद्यालय, सी.बी.एस.ई. शैक्षणिक संस्थाओं में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए आगामी आदेश तक शाला समय में परिवर्तन कर प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 12:30 तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा है दो पालियों में संचालित होने वाले विद्यालयों का समय यथावत रहेगा, परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय सारणी अनुसार रहेगा, मूल्यांकन कार्य अपने यथावत समय पर संपादित होगें।

## पुस्तक मेले में जो कमियां है, उसे दूर करने का प्रयास किया जायेगा-कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

एम.एल.बी. स्कूल में आयोजित पुस्तक मेले के संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा आज दमोह में पुस्तक मेला, गणवेश मेला,, स्टेशनरी मेला तीनों एक साथ लगाने का प्रयास किया है, 27 मार्च से 31 मार्च तक शाम को 4 बजे से लेकर के रात को 9 से 10 बजे तक यह चलेगा, लगातार इसमें बड़ी संख्या में पुस्तक, स्टेशनरी और यूनिफॉर्म विक्रेताओं ने इसमें भाग लिया है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा एक सूचना आई थी कि कम पुस्तक विक्रेता यहाँ पर आए हैं, लेकिन फिर हम लोगों ने चेक किया और सारे पुस्तक विक्रेताओं को यहाँ अपनी तरफ से इनवाईट किया है, सभी के लिए पर्याप्त व्यवस्था भी है, तो सभी पुस्तक विक्रेता, सभी स्टेशनरी विक्रेता यहाँ पर आएँगे, जो लोग अपनी सहमति दे रहे हैं, वे सब आ रहे हैं, तो किसी प्रकार की एकाधिकार की कोई उम्मीद नहीं लगती है। यदि आज पेरेंट्स को कोई असुविधा हुई हो तो मैं उसके लिए माफी चाहता हूँ क्योंकि हमारे लिए भी ये पहला अवसर था, पहला प्रयोग था, हम आज के अनुभव के आधार पर चीजों को और बेहतर करने का प्रयास करेंगे। जो किताबें यदि मान लीजिए उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं उनको उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा, बात करके यह तो अभी शुरुआत है। उन्होंनें कहा हम एक बार और पुस्तक मेला आगे लगाएंगे, तो किसी को ऐसी चिंता करने की जरूरत नहीं है और स्कूलों को भी सख्त निर्देश दिए हैं कि कोई भी स्कूल किसी भी तरीके से बच्चों को बाध्य नहीं कर सकता की 4 दिन में किताब लाओ, जब किताबें उपलब्ध होंगी तभी बच्चों को मिलेंगी और बच्चे लेकर के आएँगे, हम इस पर लगातार पूरी नजर रखेंगे, और कोशिश करेंगे की अभिभावकों को बिल्कुल भी असुविधा ना हो। खुशी की बात है कि बड़ी संख्या में अभिभावक यहाँ पर आए हैं, पूरा प्रयास हमारा स्कूल शिक्षा विभाग का रहेगा, कि उनका विश्वास बना रहे और हम इससे बेहतर व्यवस्थाएँ दे सकें।

## गर्मी में ट्रांसफार्मर से चिंगारी का खतरा, विभाग ने किसानों के खेतों में रख दिए ट्रांसफार्मर



**बनवार।** बढ़ती गर्मी में आग लगने की घटनाएं एकाएक पर जाते हैं जहां एक और बिजली विभाग एडवाइजरी जारी करके किसानों को ट्रांसफार्मर के आसपास फसल हटाने की सलाह देती है लेकिन जबेरा विद्युत वितरण केंद्र की अंतर्गत पौड़ी मानगढ़ खेत में कृषि लाइन के विस्तारीकरण के समय बिजली कंपनी के द्वारा किसानों के खेतों में ट्रांसफार्मर रख दिए गए। अब किसानों के खेतों में गेंहू की पकी खड़ी फसलों के लिए गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मर से निकलने वाली चिंगारी से फसल में आग लग सकती है। ज्यादातर फसल ट्रांसफार्मर से निकलने वाली चिंगारी से ही जलती है लेकिन यहां इस खतरे की अनदेखी करते हुए किसानों को खेतों में ही ट्रांसफार्मर रख दिए गए हैं। ट्रांसफार्मर की ऊंचाई तक नही और खेतों की भूमि से लगे हुए सड़क किनारे किनारे बेसियर हार कनजई हार सगोड़ी हार के मड़ई खेत मे रखे हुए जिनकी बिजली सप्लाई पटना पीटर से होती है। अब ऐसे में सवाल उठता है जब कृषि लाइन के लिए ट्रांसफार्मर रखे जा रहे थे। तब बिजली विभाग के द्वारा खेतो में रखे गए ट्रांसफार्मर के संभावित खतरे की अनदेखी की गई जो किसानों की फसलों के लिए ट्रांसफार्मर से निकली एक चिंगारी पूरे हार की फसलों को आग से स्वाहा कर सकती हैं। जबेरा विद्युत वितरण केंद्र जेई महेस महतो का कहना मै दिखवाता हूँ मैं फील्ड पर हूं। आज ही खेतों में रखे ट्रांसफार्मर हो की जानकारी लेता और ट्रांसफार्मर की तय गाइड लाइन के अनुसार ट्रांसफार्मर नहीं रखे गए हैं उसे संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी करते हैं।

## दो दिवसीय सेमीनार आज से

**दमोह।** एकीकृत बागवानी मिशन योजनाअंतर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय सेमीनार आज 28 एवं 29 मार्च को मानस भवन में आयोजित किया गया है। जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सेमीनार में प्रदेश के संस्कृति पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल सेमीनार की अध्यक्षता करेंगे।

## 60 से अधिक कॉलोनियों के प्रोप्राइटरों-मालिकों को नोटिस जारी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जिला पंजीयक से एक सूची ली थी जिले के अंदर कौन कौन सी ऐसी कॉलोनियां हैं, जिसके प्लॉट्स के रजिस्ट्रेशन के लिए केसेस आ रहे हैं, जिला पंजीयक द्वारा 60 से भी अधिक ऐसी कॉलोनियों की सूची दी गई है। इन सभी कॉलोनियों के प्रोप्राइटर, मालिक हैं, उन सबको नोटिस जारी किए हैं और नोटिस के जरिये उनसे दस्तावेज मांगे गये हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कॉलोनी की वैधता की जो शर्तें हैं, कॉलोनी उसको पूरा करती है कि नहीं करती है। यथा रेरा का पंजीयन, विकास की अनुमति, कॉलोनॉइजर का रजिस्ट्रेशन, यह सारे प्रमाण मांगे गये है। सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करने का निर्धारित समय दिया गया है। इसमें से जो दस्तावेजों को प्रस्तुत कर देंगे और जिसमें समाधान हो जाएगा की सब बिलकुल ठीक है, सभी नियम के अनुसार हैं, तो उसमें कोई कठिनाई नहीं है। लेकिन जिनमें यह स्थिति बनती है की निर्धारित नियमों का पालन नहीं हुआ है, मापदंडों के अनुसार काम नहीं हुआ है, तो ऐसे केसेस में फिर केस रजिस्टर्ड करके उन कालोनाईजरों खिलाफ़ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## 6 करोड़ का जीएसटी बकाया नोटिस मिलने से गरीब परिवार परेशान

**दमोह।** इंदौर मजदूरी करने गए युवक के नाम पर दिल्ली में करोड़ों का कारोवार करके फर्जी कंपनी के फुर्र हो जाने का मामला प्रकाश में आया है।जिले के पथरिया क्षेत्र निवासी एक गरीब परिवार 6 करोड रुपए के जीएसटी बकाया का नोटिस मिलने से सदमे में है। दरअसल आयकर विभाग द्वारा जो नोटिस भेजा गया है उसमें उपरोक्त परिवार के सदस्य के नाम से दिल्ली में संचालित एक फर्म के द्वारा करीब 50 करोड़ का टर्नओवर किए जाने का उल्लेख है। जिसका 6 करोड रुपए जीएसटी जमा करने के लिए कहा गया है। उपरोक्त नोटिस मिलने के बाद अपने वकील के जरिए उपरोक्त फर्म के नाम से किए गए फ्रॉड की शिकायत पथरिया निवासी प्रिंस पिता श्रीधर सुमन ने साइबर सेल से की है। आयकर विभाग से मिले नोटिस के अनुसार, वर्ष 2022 में दिल्ली के स्टेट जॉन 3 वार्ड 33 में प्रिंस इंटरप्राइजेज नाम से एक फर्म शुरू की गई। इस कंपनी ने 2022-23 से 2024 तक लगभग 50 करोड़ रुपए का कारोबार किया। कंपनी ने चमड़ा, लकड़ी और आयरन का व्यापार किया, लेकिन जीएसटी का भुगतान नहीं किया। अब कंपनी पर करीब 6 करोड़ रुपए का जीएसटी बकाया है। जबकि पथरिया निवासी प्रिंस सुमन, जिसके नाम यह कंपनी बताई गई है वह अंडे का बेचकर परिवार को चलाते हैं। 2023 में इंदौर में मजदूरी कर चुके प्रिंस का कहना है कि वह कभी दिल्ली नहीं गया। न उसने किसी को अपना आधार व पैन कार्ड दिया। फिर उसके नाम पर कंपनी कैसे बन गई और करोड़ों का टर्न ओवर कैसे हो गया यह उसे नहीं पता। खास बात है कि यह फर्जी कंपनी करोड़ों का टर्नओवर करके बंद हो चुकी है। शायद यही वजह है कि आयकर विभाग ने प्रिंस से बैंक स्टेटमेंट और अन्य दस्तावेज मांगे हैं। जो उसके पास नहीं है। क्योंकि उसको आज तक यह पता ही नहीं लगा कि उसके नाम पर दिल्ली में कंपनी चल रही थी जो करोड़ों का कारोबार करके रफूचक्कर हो चुकी है। और वह यहां पर अंडा बेचता रहा है। आयकर विभाग का नोटिस मिलने से भयभीत प्रिंस के पिता श्रीधर सुमन ने इस मामले की जांच के लिए एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इधर इनके वकील अभिलाष खरे का कहना है कि आयकर विभाग को पत्र भेजकर वास्तविक हालात से अवगत कराने की कोशिश की गई है। साइबर सेल को भी पूरे घटनाक्रम की शिकायत देकर जांच करते हुए धोखाधड़ी करने वाली फर्म के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। जिससे छोटे लोगों के नाम पर इस तरह के बड़े फ्रॉड करने वाले लोगों का पर्दाफाश हो सके।

## श्री दुर्गा चालीसा पाठ का हुआ समापन



**पटेरा।** जिले के पटेरा नगर में जिला स्तरीय अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का भव्य समापन हुआ। जिसमें मां गुरुवर के जयकारों के साथ गूजा पूरा पटेरा नगर इसी कड़ी में मां गुरुवर की दिव्याता की आरती हुई। आरती में सैकड़ो मां के भक्तों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प कार्यक्रम में पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम से भगवती मानव कल्याण संगठन के प्रमुख सचिव आशीष शुक्ला ने श्री दुर्गा चालीसा पाठ मे हजारों की संख्या में मां भक्तों की उपस्थिति मे चिंतन दिये। उन्होने कहा कि हमें अनीति अधर्म भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई को और तेज करने की आवश्यकता है। दमोह जिले में संगठन के नशा मुक्ति के प्रयासों का ही प्रभाव है की हजारों लोग नशा मुक्त हो चुके है। दमोह जिले से नशा मुक्ति की वह चिंगारी उठ रही है जो आने वाले समय में पूरे मध्य प्रदेश को नशा मुक्त करेगी और भी मां गुरुवर की विचारधारा से अवगत कराया। वहीं पर समापन की बेला में दुरदराज क्षेत्र से आए हुए समस्त मां के भक्तों का एवं अधिकारियों का राजनेताओं का पंडित उपेंद्र व्यास जी ने आभार व्यक्त किया।

# अवैध उत्खनन करते दो पोकलेन व तीन डंपर जब्त

### बीना कटनी रेल खंड के पथरिया दमोह के बीच थर्ड लाइन कार्य में राजनैतिक संरक्षण में मुरम घोटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह/पथरिया





बीना कटनी रेल खंड के थर्ड लाइन कार्य के चलते पथरिया दमोह के बीच में लंबे समय से कार्य चल रहा है जिसमें रेलवे विस्तार के लिए अवैध खनन करके रेलवे के लिए मुरम सप्लाई की शिकायत लगातार सामने आ रही थी। मंत्री जी के क्षेत्र में कथित राजनीतिक और पुलिस प्रशासनिक संरक्षण में चल रहे इस अवैध कारोबार में कुछ खबरचियो की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे थे। लगातार शिकायतों के बीच बुधवार दोपहर दमोह से पहुंचे खनिज अधिकारी मेजर सिंह जामरा व टीम के द्वारा बेलखेड़ी क्षेत्र में अवैध खनन में लिप्त दो पोकलिन मशीन तथा तीन डंपरों को पकड़ने के बाद कार्यवाही की गई है।

मामले में एजीएसबाई कंपनी पुणे के के खिलाफ अवैध खनन का मामला दर्ज किए जाने की जानकारी सामने आई है। इस कंपनी के खिलाफ पूर्व में भी कार्रवाई की जा चुकी है। वही थर्ड लाइन का निर्माण कार्य कर रही इस कंपनी को सत्तारूढ़ दल से जुड़े कुछ नेता नुमा ठेकेदारों द्वारा अवैध खनन करके मोरम उपलब्ध कराए जाने के आरोप भी लगते रहे हैं। जिसकी शिकायतों के बीच आखिरकार खनिज विभाग द्वारा यह कार्यवाही ऐसे समय की गई है जब दमोह में सागर संभाग के कमिश्नर अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दे रहे थे। पथरिया बेलखेड़ी के पास अवैध उत्खनन करते हुए खनिज अधिकारी मेजर सिंह जामरा ने दो पोकलिन व तीन डंपर जप्त किये जाने की की जानकारी दी है।

शिकायतकर्ता मिथुन अहिरवार ने बताया कि 20 डंपर चार कोकलीन द्वारा अवैध उत्खनन किया जा रहा था। इसके पूर्व भी खनिज अधिकारी द्वारा यहां कार्रवाई की गई थी। लेकिन अवैध खनन द्वारा बंद नहीं किया गया। रेलवे ठेकेदार द्वारा लगातार अवैध उत्खनन किया जा रहा है। देखना होगा इस कार्रवाई के बाद अवैध खनन पर अंकेश लग पता है या फिर डाक के तीन पात जैसे हालात बने रहते है। वही आज हुई कार्रवाई के पीछे एक बजह यह भी बताई जा रही है कि कंपनी द्वारा स्थानीय पेटी ठेकेदारों को हासिये पर रखकर स्वयं खनन कराए जाने लगा था जिस वजह से राजनीतिक इशारे पर यह कार्यवाही कराई गई है जिससे कंपनी फिर से नेता नुमा ठेकेदारों की चरण शरण में पहुंच जाए। मामले में सामने आए प्रशासनिक पक्ष केअनुसार कलेक्टर श्री कोचर द्वारा दिये गए निर्देशों तहत खनिज अधिकारी द्वारा ग्राम बेलखड़ी में 02 पोकलेन मशीन और 03 डंपर जप्त किया गए हैं।अवैध खनन एजी एसवाय कंपनी पूने द्वारा किया जा रहा था और मिट्टी का उपयोग रेलवे तीसरी लाइन के निर्माण में किया जा रहा था। संबंधित पर मध्य प्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर शास्ति अधिरोपित की जाएगी।

# ओवरलोड वाहनों की टक्कर में मची अफरा-तफरी

**बनवार।** दमोह जिले की हिंडोरिया बांदकपुर मार्ग पर एक बड़ा हादसा हुआ है, जहां ओवरलोड भूसा से भरे दो वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में एक वाहन खेत में पलट गया, जबकि दूसरा सड़क पर पलट गया। कुछ लेबर को छोटी-मोटी चोटें आईं, लेकिन बड़ा हादसा टल गया। यह हादसा तब हुआ जब ओवरलोड भूसा से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली और पिकअप ओवरटेक करने के चक्कर में आपस में टकरा गए। घटनास्थल से 50 किलोमीटर की दूरी पर आबादी क्षेत्र में घर बने हुए थे, और यदि यह हादसा थोड़ी आगे होता तो ट्रैक्टर ट्राली और पिकअप वाहन घरों से टकरा जाते और बड़ा हादसा घटित हो सकता था। बता दें कि कलेक्टर के द्वारा दूसरे जिले में भूसा के परिवहन पर रोक लगाई गई है, बावजूद इसके ओवरलोड वाहन सड़कों पर दौड़ते रहते हैं और बड़े हादसे का कारण बन जाते हैं। हिंडोरिया जबेरा नोहटा थानाक्षेत्र पुलिस के द्वारा भी इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की जाती है, जिससे इस तरह के हादसे इन मार्गों पर होते रहते हैं।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, दो रेफर

**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार की शाम तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत तारादेही मार्ग पर स्थित गुरैया नदी के समीप अंधे मोड़ पर बाइक सवार हादसे के शिकार हो गए जिन्हें गंभीर हालत में 108 की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। जहां से दोनों की हालत गंभीर होने के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किए जाने का घटनाक्रम सामने आया है। घटनाक्रम के संबंध में मिली जानकारी अनुसार तेन्दूखेड़ा मुख्यालय से तीन किमी दूर तारादेही मार्ग पर चौराई और बांदीपुरा के बीच स्थित गुरैया नदी के पास अंधे मोड़ पर अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए मौके से भाग निकला। जहां बाइक सवार घायल अवस्था में घटनास्थल पर पड़े रहे। वहां से गुजर रहे राहगीरों द्वारा घटना की सूचना डायल 100 और 108 वाहन को दी गई जहां घायलों को उठाकर इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जबलपुर रेफर कर दिया। हादसे में गंगाराम पिता रुपसीग गौड़ उम्र 45 वर्ष निवासी पटेरिया हेमंत पिता बद्री गोंड उम्र 27 वर्ष निवासी बहेरिया हादसे के शिकार हुए हैं जिन्हें गंभीर चोटे आने पर जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं हादसे के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया है वहीं पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## पशुपालकों को कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण कराकर दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हैडलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड यूनिट नरसिंहगढ़ दमोह के सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित बाएफ एकीकृत पशुधन उत्थान कार्यक्रम पशुपालकों का प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पशुपालकों को कृषि विज्ञान केंद्र सागर में किया गया। किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र में सभी को उन्नत खेती करने तरीके बताए गए। बीज का चयन कैसे करें एवं इसके बारे में बताया गया। इसके बाद किसानो सभी प्रकार के फसलों का डेमो प्लॉट दिखाया गया। आकाश चौरसिया द्वारा मल्टीलेयर फार्मिंग पशुपालकों को दिखाया गया जिसमें आधुनिक तकनीकी से की जा रही खेती के बारे में एवं वर्मी कंपोस्ट शुद्ध जैविक खाद से तैयार प्रोडक्ट के डेमो दिखाकर उन्होंने किसानों को जैविक तकनीकी अपने की सलाह दी । जैविक खेती से होने वाले उत्पाद के फायदे के बारे में विस्तार से जानकारी दिए। ताकि किसान आगे चलकर अपने खेतों में भी इस तरह मल्टी लेयर फार्मिंग कर सके।

# गांव- गांव, गली- गली में कट रही सट्टा पर्ची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

जुआ सट्टा की ऐसी लत होती है कि जिस व्यक्ति को यह आदत पड़ जाए तो वह व्यक्ति अपने खाने की रोटी तक को बेचकर जुआ और सट्टे पर दाव लगाने से परहेज नहीं करता जुआ सट्टा से जहां हजारों घर परिवार बर्बाद हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जुआ सट्टा खिलाने वाले मुख्य सटोरिये दिन प्रतिदिन अमीर होते जा रहे हैं। ग्राम मोहरई के कुछ बुद्धिजीवी लोगों ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर हरिभूमि को बताया कि हमारे इस छोटे से गांव मोहरई में भी यह सट्टा का अवैध कारोबार कई वर्षों से निरंतर चल रहा है जिससे हमारे गांव देहात की भोली भाली जनता अपनी मेहनत का सारा पैसा सट्टे के दाव पर लगाकर बर्बाद हो रही है। ग्रामीण जनों के बताएं मुताबिक मुहरई के बस स्टैंड पर खुलेआम सट्टा पर्ची काटी जाती है जिस पर अंकुश लगाए जाने की मांग ग्रामीणों ने की है। कुछ ऐसे ही हालात ग्राम गैसाबाद के बने हुए हैं जहां पर गली गली में सट्टा पर्ची काटते हुए सट्ट की बुकिंग करते हुए एजेंट देखें जा सकते हैं। ग्रामीण जनों ने हरिभूमि कार्यालय में उपस्थित होकर बताया कि ग्राम के शीतला चौक एवं ग्राम के मुख्य बस स्टैंड पर एजेंट धड़ल्ले से खुलेआम सट्टा पर्ची काटते हुए देखे जा सकते हैं। क्षेत्र वासियों ने सट्टा के इस अवैध गैर कानूनी व्यापार पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

### इनका कहना है

समय-समय पर पुलिस द्वारा जुआ सट्टा के खिलाफ अभियान चला कर सटोरियों पर कार्रवाई की जाती है। शीघ्र ही सट्टा का अवैध व्यापार करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**प्रीति पांडे,**
**थाना प्रभारी गैसाबाद**